डिफेंस कॉरिडोर के लिए छह करोड़ के निवेश का एमओयू

डिफेंस कॉरिडोर के लिए नवराज मेटल वर्क्स के साथ समझौता पत्र की अदला-बदली करते यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी।

लखनऊ। डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड के लिए सोमवार को मेसर्स नवराज मेटल वर्क्स ने छह करोड़ रुपये निवेश का एमओयू किया।

यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि मेसर्स नवराज मेटल वर्क्स की कृतिका ने कॉरिडोर में निवेश को लेकर छह करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी टंगस्टन व एलॉय रॉड्स बनाएगी, जिसका उपयोग एंटी टैंक एम्यूनिशन में किया जाता है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 400 लोगों को रोजगार मिलेगा। डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में 1047 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। ब्यूरो